## खबर संक्षेप

### आज शहर में घोषित तौर पर गुल रहेगी बिजली

**सतना।** रविवार को 33/11केवी उपकेंद्र प्रेमनगर में अति आवश्यक सुधार कार्य सुबह 9:30 बजे से 11 :30 बजे तक प्रस्तावित किया गया है। जिसके कारण तत्समय कलेक्ट्रेट के साथ ही धवारी,प्रेम विहार,प्रेम नगर,कामता टोला,नजीराबाद,राजेन्द्र नगर,जवाहर नगर,आदि क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। साथ ही सुबह 6 बजे से 11 बजे तक ट्रांसपोर्ट नगर उपकेंद्र मे अति आवश्यक सुधार कार्य प्रस्तावित किया गया है जिससे तत्समय बस स्टेंड,रीवा रोड,कृपाल पूर,नई बस्ती,बदखर,सिंधी कैम्प,चाणक्यपुरी कालोनी, औद्योगिक क्षेत्र,भरहुत नगर,फ्रैंड्स कालोनी,बांधवगढ़ कॉलोनी,शिव कॉलोनी,सिद्धार्थ नगर,घूरडांग आदि क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। इसके अतिरिक्त 33/11 केवी उपकेंद्र मटेहना में अति आवश्यक सुधार कार्य सुबह 9:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक प्रस्तावित किया गया है। जिसके कारण तत्समय औद्योगिक क्षेत्र मटेहना में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। समस्त उपभोक्ताओं से सहयोग की अपेक्षा की गई है।

### नदी के तेज बहाव में बह गई बालिका, मौत

**कटनी।** बरही तहसील क्षेत्र अंतर्गत सलैया सिहोरा में उफनाती हलफल नदी में 8 वर्षीय बच्ची मोनिका सिंह की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में खलबली मच गई। सूत्रों के अनुसार सलैया सिहोरा निवासी नरेन्द्र सिंह पिता स्वर्गीय रतन सिंह की पुत्री गत दोपहर भारी बरसात के बाद उफनती हुई नदी को देखने बरेला पार जा रही थी। इसी दौरान नदी के तेज बहाव में वह फिसल गई और उफनती नदी में बहकर ताली पहुंच गयी। जहां पर ताली नदी में पुल के पास मोनिका के तैर रहे शव को बरामद किया गया। घटना की सूचना पर बरही खितौली की पुलिस एवं तहसीलदार बरही की टीआई शैलेन्द्र सिंह यादव, चौंकी प्रभारी के के पटेल पहुंचे। उफनती नदी में बच्ची के डूबने से क्षेत्र में खलबली मच गई।

### छात्रों की प्रवेश सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए लिया गया निर्णय

**कटनी।** देवरी मवई हाईस्कूल में छात्रों की प्रवेश प्रकिया संबंधी प्राप्त शिकायत को कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिंह से उक्त संबंध में आवश्यक कार्यवाही करते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रकरण के संबंध में प्रतिवेदित किया कि शासकीय हाईस्कूल देवरी मवई के प्रभारी प्राचार्य 18 जून से चिकित्सा अवकाश पर है। प्रवेश प्रक्रिया को दृष्टिगत रखते हुए कार्यालयीन आदेश 1 जुलाई 2024 के माध्यम से उक्त विद्यालय मे पदस्थ माध्यमिक शिक्षक दीपक कुमार पारधी को विद्यालय का प्रशासकीय प्रभार तथा अशोक झारिया विकासखंड शिक्षा अधिकारी को वित्तीय प्रभार सौपा गया है।

**गर्भवती होने पर शादी से मुकरा, पीड़िता ने खाया जहरीला पदार्थ, अस्पताल में भर्ती**

# ममेरे भाई ने नाबालिग से किया बलात्कार

सतना

मैहर जिले के ताला थाना क्षेत्र में रहने वाली एक नाबालिग ने महीनों तक रिश्ते में ममेरी भाई पर रेप का आरोप लगाया है।जिसके बाद नाबालिग गर्भवती भी हो गई।आरोप है कि पीड़िता के साथ शादी का झांसा देकर आरोपी ने घटना को अंजाम दिया है।इससे परेशान होकर नाबालिग ने जहर खा लिया है। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने पीड़िता को रीवा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। ताला थाना प्रभारी केएन बंजारे ने बताया कि आरोपी के खिलाफ महिला थाने में एफआईआर दर्ज किया गया है। ताला थाना क्षेत्र में रहने वाली एक नाबालिग के साथ रिश्ते में उसके ममेरे भाई ने ही महीनों दुष्कर्म किया। उसने नाबालिग को शादी का झांसा दिया और दरिंदगी करता रहा। इस बीच नाबालिग गर्भवती हो गई तो उसने शादी के लिए कहा लेकिन दुष्कर्मी मुकर गया। परेशान पीड़ति शिकायत लेकर ताला थाना पहुंची लेकिन वहां भी उसकी फरियाद नहीं सुनी गई।आरोप है कि थाने के मुंशी ने नाबालिग और युवक दोनों को थाने में घंटों बैठाए रखा लेकिन शिकायत दर्ज नहीं की। इसके बाद निराश होकर थाने से निकली



पीड़ति को जब कुछ समझ में नहीं आया तो उसने आत्मघाती कदम उठाने का फैसला कर लिया। मुकुंदपुर के बाजार में उसने जहरीला पदार्थ खा लिया और बेहोश होकर गिर पड़ी। स्थानीय लोगों ने उसे देखा तो पुलिस को सूचना दी और फिर उसे मेडिकल कॉलेज रीवा भेजा गया। रीवा में उसका इलाज चल रहा है। पीड़िता के परिजनों ने आरोप लगाया कि बेटी के पेट में बच्चा है। इसकी जानकारी तब हुई जब उसके जहर खाने के बाद देखा गया। उसके साथ जिसने गलत हरकत की है। वो रिश्ते में पीड़िता का भाई ही लगता है। नाबालिग बालिका को रीवा मेडिकल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। नाबालिग बालिका को रीवा मेडिकल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। ताला थाना प्रभारी केएन बंजारे ने बताया कि लड़की का पिता 2 जुलाई को लड़की को लेकर आया था। लड़की रीवा जिले के जवा थाना क्षेत्र की रहने वाली है। जबकि ननिहाल तालाथाना क्षेत्र की मुकुंदपुर चौकी में आता है। पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया कि लड़की के मामा के लड़के ने इसके साथ गलत काम किया है। जिससे वह 7-8 महीने की गर्भवती है। हालांकि 2 जुलाई सुबह ही लड़के पक्ष के आए थे लेकिन उन्होंने घटना को नकार दिया था। फिर मैंने पीड़ित पक्ष से कहा कि आप मुकुंदपुर चौकी चले जाइए या फिर महिला थाना रीवा में रिपोर्ट दर्ज करा दीजिए क्योंकि घटना का क्षेत्र दूसरा है। इसके बाद लड़की का पिता 3 जुलाई को वापस अपने गांव जवा चला गया। जबकि लड़की को वहीं छोड़ दिया।अगले दिन फिर लड़की मुकुंदपुर चौकी पहुंची तो मुंशी ने पूछा कि आपके पिता कहां हैं। फिर थोड़ी देर टालमटोल करके उठकर चली आई। उसके बाद बाजार में आकर जहर खा लिया। हालांकि पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ महिला थाना रीवा में मामला दर्ज कर लिया गया है।

**पुलिस सुस्त, बदमाश चुस्त, नागरिकों में आक्रोश**





# एक रात में सात घरों में चोरी, इलाके में दहशत

**सतना।** चोरों ने एक साथ कई घरों में घुसकर इलाके में दहशत का माहौल निर्मित कर दिया है। अब लोग रात में चैन की नींद सो नहीं पा रहे हैं। मामला नागौद थाना क्षेत्र के पौंड़ी गांव का है। बरसात का मौसम आते ही चोरी की घटनाएं बढने लगी हैं। नागौद थाना के पोंडी चौकी के समीप बस्ती में अज्ञात चोरों ने एक ही रात में एक साथ 7 घरों में चोरी की घटना को अंजाम दे डाला। घरों के कमरों का ताला तोड़कर चोर एक लाख से अधिक नगदी समेत लाखों के आभूषण चोरी कर ले गए। जानकरी अनुसार चोरों ने विनोद कुशवाहा,हेमलता कुशवाहा,रामकरण के घर ताला तोड़कर चोरी का प्रयास किया गया। जबकि शिव कुमार के घर का ताला तोड़ आभूषण ले गए। भगवानदीन के घर की दीवार खोदकर घरेलू सामान व अलमारी में रखे आभूषण,देवेन्द्र नागर,रामभगत नागर के घर का ताला तोड़ कर लाखों रुपए गहने जेवर एवं नगद रुपए चोर उड़ा ले गए। एक ही रात गांव के 7 घरों में चोरी की इस घटना ने ग्रामीणों को बेचैन कर दिया है। यहां पुलिस चौकी के पास ही चोरी की वारदात से पुलिस की कार्यशैली पर भी सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। पुलिस प्रशासन के खिलाफ ग्रामीणों में आक्रोश भी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यहां क्षेत्र में पूर्व में भी कई चोरी हो चुकी है पर चोर गिरफ्त से दूर रहने से पुलिस की नाकामी से ही चोरों का मनोबल बढ़ा हुआ है। उधर ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मामले की जांच में जुटा है।

## प्रिज़्म द्वारा कौशल विकास योजनांर्तगत निःशुल्क ड्राईविंग प्रशिक्षण सर्टिफिकेट व ड्राईविंग लाइसेंस वितरण

**सतना।** प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड द्वारा अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों के अंतर्गत कौशल विकास के विभिन्न कार्यक्रम चलाये जा रहे है। इसी के तहत 50 प्रशिक्षणार्थियों को सफल प्रशिक्षण उपरांत निःशुल्क ड्राईविंग प्रशिक्षण सर्टिफिकेट व ड्राईविंग लाइसेंस का वितरण संजय श्रीवास्तव आरटीओ सतना,पीएन त्रिवेदी, प्रेसीडेंट, (कार्पोरेट अफेयर्स एंड इंडिस्ट्रियल रिलेशन), मनीष कुमार सिन्हा सीनियर वाइस प्रेसीडेंट (एच. आर. एम. एंड कार्पोरेट अफेयर्स), अनुज भूतड़ा,असिस्टेंट वाइस प्रेसीडेंट (एचआरएम), अंतर्यामी सामल, ज्वाइंट जीएम, पर्सनल एंड आईआर द्वारा किया गया। उपरोक्त आशय की जानकारी देते हुये प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड के एजीएम जनसंपर्क एवं सीएसआर देवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ वीणावादिनी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। तत्पश्चात अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। देवेन्द्र मिश्रा ने कंपनी द्वारा आसपास के क्षेत्र में सीएसआर अंतर्गत किये गये कार्यों के बारे बताते हुये कहा कि अभी तक कंपनी ने 2,004 युवक-युवतियों को प्रशिक्षण देकर उनको स्वालंबी बनाने का कार्य किया है और आगे भी यह श्रंखला जारी रहेगी। उन्होने आगे बताया कि कि कंपनी न केवल प्रशिक्षण देती है बल्कि प्रशिक्षण स्टार्टअप किट भी प्रदान करती है जिससे प्रशिक्षणार्थी अपना स्वयं का रोजगार शुरू कर सके। इसके साथ अन्य शासकीय योजनाओं द्वारा मिलने वाले लाभों यथा स्व सहायता समूहों का गठन,बैंक योजनाओं एवं भारत



शासन की एनआरएलएम की योजनाओं से जुड़ने में भी सहायता प्रदान करती है।आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मुख्य अतिथि संजय श्रीवास्तव,आरटीओ सतना ने प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड द्वारा कौशल विकास हेतु किये जा रहे प्रयासों की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुये कार्यक्रम में उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुये कहा कि यह प्रशिक्षण निश्चित ही इन प्रशिक्षणार्थियों के लिये मील का पत्थर साबित होगा। साथ ही साथ उन्होने कहा कि कौशल प्राप्त करने के बाद कोई भी व्यक्ति को अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए निरंतर कार्य करते रहना चाहिए। इसके लिये मै प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड को साधुवाद देता हूँ व आशा करता हूँ कि आगे भी ऐसे कार्यक्रमो की श्रंखला जारी रहेगी। कार्यक्रम का संचालन देवेन्द्र मिश्रा एवं आभार प्रदर्शन प्रकाश पाण्डेय ने किया।

## दो सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की दर्दनाक मौत

## बेला के पास खड़े ट्रक में बाइक सवार घुसे

**सतना।** दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो व्यक्तियों की मौत हो गयी एवं दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये। इनमें एक सड़क दुर्घटना एनएच-30 पर बेला के पास तब घटित हुई जबकि सड़क पर खड़े एक ट्रक ने तेज रफ्तार से आ रही बाइक पीछे से जा घुसी। इस दुर्घटना में दोनों बाइक सवारों की मौत हो गयी। घटना के संबंध में बेला थाना से मिली जानकारी के मुताबिक एनएच-30 पर दाल लोड ट्रक क्र. यूपी 54 सी 7663 खड़ा हुआ था। उसी समय त्योंथर से तेज रफ्तार बाइक पर सवार होकर दो व्यक्ति जा रहे थे। बताया गया है कि उक्त ट्रक का चालक दाल लेकर रीवा की ओर जा रहा था। इसी दौरान उसने ट्रक को सड़क की पटरी के किनारे खड़ा कर दिया था। बाइक चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सड़क पर खड़े ट्रक में जोरदार ठोकर मारी और पीछे से ट्रक में समा गया,जिसके कारण त्योंथर निवासी राकेश सिंह पुत्र बाबूलाल सिंह 45 वर्ष की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी,जबकि दूसरा व्यक्ति जयपाल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना सूचना दिये जाने पर 100 डॉयल एवं बेला चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस टीम ने गंभीर रूप से घायल जयपाल सिंह को एम्बुलेंस से शासकीय चिकित्सालय रीवा भिजवाया। बताया गया है कि जयपाल के सिर और सीने में गंभीर चोटें आई थीं,किन्तु रीवा मेडिकल कॉलेज ले जाते समय उसकी सांस चल रही थी। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मेडिकल कॉलेज पहुंचने के पूर्व ही बीच रास्ते में जयपाल सिंह ने भी दम तोड़ दिया। अस्पताल पहुंचने पर जांच करने के तुरन्त बाद डॉक्टर ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा घटना स्थल पर मृत राकेश सिंह पुत्र बाबूलाल सिंह एवं जयपाल सिंह का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को मर्चुरी में रखवा दिया गया है। चौकी पुलिस द्वारा ट्रक क्रमांक यूपी 54 सी 7663 के चालक के खिलाफ सड़क पर ट्रक खड़े करके आवागमन अवरुद्ध करने एवं दुर्घटना का कारण बनने का प्रकरण कायम कर कार्यवाही की जा रही है। पुलिस का



कहना है कि बाइक पर नियंत्रण न रखे जाने के कारण यह दुर्घटना घटित हुई।

### इधर बाइक फिसली दो घायल

दूसरी घटना मझगवां थाना अंतर्गत चंदैनी गांव के पास तब घटित हुई जबकि तेज रफ्तार से सड़क पर दौड़ रही बाइक फिसलन होने के कारण अनियंत्रित होकर पलट गयी। जिसके कारण दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना मिलने पर 100 डॉयल टीम मौके पर पहुंची। पुलिस द्वारा मझगवां थाना को दुर्घटना की सूचना दी गयी। जिस पर थाना प्रभारी एएन धुर्वे पुलिस बल सहित मौके पर पहुंचे। इनके द्वारा दोनों घायलों को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मझगवां भिजवाया गया। जहां घायलों का उपचार चल रहा है। खबर मिली है कि इनको आई गंभीर चोटों को देखते हुए डॉक्टर ने जिला अस्पताल सतना के लिये रेफर कर दिया।

# प्रत्येक वार्ड में लगाए जाएंगे दो सौ-दो सौ पौधे

**सतना।** महापौर योगेश ताम्रकार द्वारा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम वृहद रूप से आयोजन किये जाने के उद्देश्य से शहर के गणमान्य नागरिकों की बैठक आहुत की गयी। शहर में अधिकाधिक हरित क्षेत्र को विकसित करने हेतु वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम को जनभागीदारी से आयोजित करने के संबंध में रूपरेखा तैयार की गयी। महापौर द्वारा बताया गया कि नगर निगम एक वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित करने जा रहा है। हम चाहते हैं यह वृक्षारोपण रश्म अदायगी न होकर,धरातल पर परिलक्षित हो और यह वृक्षारोपण का अभियान जन से जुड़कर जनअभियान में बदले। महापौर द्वारा यह भी बताया गया कि हम सड़कें, नालियां तो बहुत बना सकते हैं पर यदि हमने वृक्षारोपण नहीं किया तो हम अपने आगे आने वाली पीढ़ी को कुछ भी नहीं दे पायेंगे। वृक्षारोपण से न केवल आनुपातिक वर्षा होगी बल्कि गर्मियों में तापमान भी संतुलित होगा। शहर में ऐसे कई संस्थायें हैं जो वृक्षारोपण के क्षेत्र में अपनी स्वप्रेरणा बेहतर काम कर रही है। हम ऐसी सभी संस्थाओं,जनप्रतिनिधियों से वृहद वृक्षारोपण को सफल बनाने की आकांक्षा और अपेक्षा रखते हैं। इस वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के लिये नगर निगम द्वारा प्रत्येक वार्डों में वार्ड के निवासियों के 20-20 सदस्यों की टोली बनाकर वार्ड के नागरिकों से पौधे लगाये जाने एवं पौधों की सुरक्षा,पौधों की संवर्धन का वादा लिया जायेगा एवं प्रत्येक वार्ड स्तर पर पौधे एवं ट्री-गार्ड रखे जायेंगे ताकि वार्ड के नागरिकों को सुविधापूर्वक पौधे और ट्री-गार्ड उपलब्ध हो सके। ताकि हमसे कम प्रत्येक वार्ड में नागरिकों द्वारा 200 पौधों का रोपण हो सके। उपस्थित सदस्यों ने अपने सुझाव में कहा कि अभियान जिसे शासन द्वारा एक पेड़ मां के नाम का दिया है। यह भावनात्मक दृष्टि से इस अभियान को सफलता प्रदान करेगा। सुझाव में सदस्यों द्वारा यह भी कहा गया कि वृक्षारोपण में सर्वाधिक वृक्षारोपण करने वाले वार्डों एवं वृक्षारोपण उपरांत सर्वाधिक पौधों को सुरक्षित रख पाने वाले वार्डों में प्रतिस्पर्धा रखी जाये एवं जो वार्ड सर्वाधिक वृक्षारोपण कर,पौधों को सुरक्षित एवं संवर्धित करें उन्हें पुरस्कृत किया जाये ताकि वार्ड के नागरिकों उत्साहवर्धन हो सके।



## श्री कसोधन वैश्य समाज ने किया पौधरोपणः एक पेड़ मां के नाम

**सतना।** श्री कसोधन वैश्य समाज के पदाधिकारियों ने श्री वैश्य समाज के नए धर्मशाला पानी की टंकी के आगे नवीन धर्मशाला में एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण किया। अध्यक्ष राधिका गुप्ता ने कहा कि हम सबके जीवन में 'मां' का दर्जा सबसे ऊंचा होता है। मां,हर दुख सहकर भी अपने बच्चे का पालन-पोषण करती है। हर मां,अपने बच्चे पर हर स्नेह लुटाती है। जन्मदात्री मां का ये प्यार हम सब पर एक कर्ज की तरह होता है,जिसे कोई चुका नहीं सकता। उन्होंने कहा कि हम मां को कुछ दे तो सकते नहीं,लेकिन,और कुछ कर सकते हैं क्या? इसी सोच में से इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस पर एक विशेष अभियान शुरू किया गया है,इस अभियान का नाम है-'एक पेड़ मां के नाम'।मैंने भी एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाया है। अपनी मां के साथ मिलकर,या उनके नाम पर,एक पेड़ जरूर लगाएं और मुझे ये देखकर बहुत खुशी है कि मां की स्मृति में या उनके सम्मान में पेड़ लगाने का अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। श्री गुप्ता ने कहा कि हर कोई अपनी मां के लिए पेड़ लगा रहा है-चाहे वो अमीर हो या गरीब,चाहे वो कामकाजी महिला हो या गृहिणी। इस अभियान ने सबको मां के प्रति अपना स्नेह जताने का समान अवसर दिया है। इस दौरान हरि ओम गुप्ता,राधिका गुप्ता,श्रीनाथ गुप्ता,श्याम लाल गुप्ता,रामफल गुप्ता,कामता गुप्ता,गणेश गुप्ता,महेश गुप्ता,अशोक कुमार गुप्ता,वृंदावन गुप्ता,जितेन्द्र गुप्ता,राजेश गुप्ता,उपस्थित रहे।

# हादसे में जीआरएस और पंचायत सचिव की मौत

## गोविंदगढ़ मोड़ के पास लुढ़कते ट्रक की चपेट में आई बाइक

**सतना।** सतना-रीवा नेशनल हाईवे पर बेला के समीप देर रात हुए एक सड़क हादसे में ट्रक से दब कर बाइक सवार जीआरएस और पंचायत सचिव की मौत हो गई। उन्हें गंभीर हालत में संजय गांधी मेडिकल हॉस्पिटल रीवा भेजा गया था। जानकारी के मुताबिक,सतना-रीवा मार्ग पर बेला पुलिस चौकी अंतर्गत गोविंदगढ़ मोड़ के पास देर रात लगभग डेढ़ बजे हुई एक सड़क दुर्घटना में राकेश सिंह उर्फ राकेश नट पिता बाबूलाल सिंह निवासी त्योंथर रीवा एवं उसके साथी रमेश वर्मा की मौत हो गई। दोनों मैहर से किसी वैवाहिक समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। हादसा गोविंदगढ़ मोड़ पर पास फ्लाई ओवर के समीप चौबे ढाबा के पास हुआ। मृतक राकेश जवा तहसील अंतर्गत ग्राम रोजगार सहायक था जबकि रमेश सेमरिया तहसील अंतर्गत सचिव पद पर कार्यरत था। बताया जाता है कि ट्रक नंबर यूपी 54T7663 फ्लाई ओवर पर जा रहा था लेकिन लोड अधिक होने के कारण वह चढ़ाई चढ़ते वक्त वह अचानक पीछे लुढ़कने लगा। ट्रक के पीछे ही बाइक पर सवार राकेश और उसका साथी रमेश थे। पीछे लुढ़कते ट्रक ने उन्हें अपनी चपटे में ले लिया। सूचना मिलते ही बेला पुलिस चौकी प्रभारी विजय त्रिपाठी मौके पर पहुंचे और दोनों को गंभीर हालत में संजय गांधी मेडिकल हॉस्पिटल रीवा भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। ट्रक मऊ थाना कोपागंज उत्तर प्रदेश का है। पुलिस ने चालक-परिचालक को हिरासत में लेकर ट्रक कब्जे में ले लिया है।



# केला लेकर जा रहा ट्रक हाईवे की रेलिंग तोड़कर नीचे गिरा

**सतना।** अमरपाटन में तेज रफ्तार केले से लोड ट्रक अनियंत्रित होकर ब्रिज की रेलिंग तोड़ते हुए हाईवे से नीचे 20 फिट साइड सोल्डर सड़क पर जा पलटा। इस घटना में दो लोग घायल हो गए। घायलों को ईलाज के लिए सिविल अस्पताल अमरपाटन पहुंचाया गया जहां उनका इलाज किया गया। बताया जाता है कि घटना सुबह 4:30 हुई। यह हादसा ड्राइवर को नींद लग जाने के चलते हुआ है। घटना NH-30 नादन टोला पास के पास घटी है। दोनों घायलों को सिविल अस्पताल से ईलाज बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गयाहै।

## खबर संक्षेप

### नगर पालिका परिषद पन्ना ने सफाई मित्रों का प्रशिक्षण कराया



**पन्ना।** नगर पालिका परिषद पन्ना द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 की तैयारियों हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। दिनांक 05 जुलाई 2024 को इसी कड़ी में होम कम्पोस्टिंग समझाने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया। सफाई मित्रों को होम कम्पोस्टिंग समझाने का उद्देश्य यह था कि वे अपने वार्ड में अन्य लोगों को जाकर यह होम कम्पोस्टिंग विधि समझायें। अन्य कार्यक्रमों की तरह ही कार्यक्रम अपशिष्ट के प्रकार, स्त्रोत प्रथक्कीकरण, 3 आर सिद्धांत जैसे विषयों पर चर्चा करते हुए होम कम्पोस्टिंग पर पहुंचा। होम कम्पोस्टिंग से लाभ यह है कि इससे गीले कचरे का प्रसंस्करण घर में ही होगा। इससे खाद तैयार कर पौधों को दिया जायेगा।सम्पूर्ण कार्यक्रम जीरो वेस्ट कार्यक्रम था जिसमें चाय, पानी हेतु स्टील की गिलास एवं मगोड़े नाश्ते हेतु स्टील की कटोरी का प्रयोग हुआ। कार्यक्रम अध्यक्ष महोदया श्रीमती मीना पाण्डेय एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशीकपूर गढ़पाले के निर्देशन में हुआ। जिसमें निकाय के उपयंत्री एवं नोडल अधिकारी (स्व.भा.मि.) अजीत सिंह धुर्वे, साहस संस्था से योगेश शुक्ला अपनी टीम के साथ, वार्डमेट रवि बाल्मीक, सलमान खान, आनंद बाल्मीक, मक़सूद, अंजनी भार्गव, देवेंद्र प्रजापति, सुरेंद्र सिंह, अमर सिंह, भरत बाल्मीक, राकेश बाल्मीक, प्रताप सिंह, अशोक वंशकार मौजूद रहे।

### परिवहन व भंडारण के विरुद्ध की गई कार्यवाही

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत अपर कलेक्टर मीना मसराम के मार्गदर्शन में खनिज अधिकारी मेजर सिंह जमरा के द्वारा अवैध खनिज खनन, परिवहन व भंडारण के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में ग्राम- कुम्हारी में खनिज का अवैध परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 02 डंपर अभिवहन पारपत्र में दर्ज मात्रा से अधिक रेत का परिवहन करते हुए जप्त कर थाना कुम्हारी में रखा गये। दमोह में रेत का अवैध भंडारण पर कार्यवाही करते हुए 02 प्रकरण दर्ज किए और मोके से 02 ट्रेक्टर ट्रॉली को जप्त कर थाना कोतवाली में रखा गया। अवैध परिवहनकर्ता व भंडारणकर्ता के विरुद्ध प्रकरण मध्य प्रदेश खनिज नियम के अंतर्गत पंजीबद्ध किया गया 1

### न्यायाधीश ने किया पौधारोपण

**हटा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं माननीय श्री आनंद कुमार तिवारी, प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में शुक्रवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हिनौता में वृक्षारोपण किया गया जिसमें श्री देवेन्द्र अतुलकर, न्यायिक मजि. प्रथम श्रेणी, डा श्री महेश लोधी, बुद्दन तंतुवाय पर्यवेक्षक शासकीय अस्पताल हटा, अर्जुन तिवारी फार्मास्टि, श्रीमति रिया गुप्ता, तिलक सिंह एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।श्री देवेन्द्र अतुलकर न्यायिक मजि. प्रथम श्रेणी ने उपस्थित कर्मचारीगण को संबोधित करते हुये वृक्षों से होने वाले फायदे एवं उनका पर्यावरण हेतु योगदान के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

### पीएम कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में दीक्षारंभ कार्यक्रम का समापन

**दमोह।** उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजनमहाविद्यालय के सभागार किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नव प्रवेशित छात्रों को संस्थान की विशिष्ट प्रकृति, संस्कृति तथा विभिन्न कोर्सेस, साहित्यिक, सांस्कृतिक क्रियाकलापों एवं एनसीसी, एनएसएस, खेल कूद, विवेकानंद कैरियर आदि से परिचित कराना था। प्रभारी प्राचार्य डॉ इंदिरा जैन के निर्देशन में इस चार दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस विद्यार्थियों के अभिमुखीकरण के उद्घाटन सत्र के अवसर पर एन. ई. पी. 2020 विषय पर महाविद्यालय में प्रवेश, कॉलेज में संचालित कोर्सेस, प्रवेश प्रक्रिया एवं परीक्षा से संबंधित विषयों की जानकारी डॉ. हरिओम दुबे एवं डॉ. रमेश प्रसाद अहिरवार द्वारा दी गई।

# दुर्घटना के बाद चालक बस को बैक कर नंबर पर ना जाकर पन्ना की ओर लौट गया था?



**पन्ना** जिले के अमानगंज पुलिस थाना अंतर्गत अमानगंज पन्ना मुख्य सड़क मार्ग पर 4 जुलाई को द्वारी के पास कुर्सी मोड पर एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन के द्वारा बाइक चालक को टक्कर मारी थी जिसमें घायल 2 की मौत हो गई थी घटना को लेकर यादव की मौत हो गई थी। घटना को लेकर यादव समाज में व्यापक आक्रोश और भारी दुख था स्थानीय पुलिस ने मामले में मामला दर्ज करते हुए शीघ्र ही इस मामले की जांच परख आरंभ की जिसमें पुलिस को ज्ञात हुआ कि सतना से कमताना चलने वाली यात्री बस जो पन्ना से अमानगंज की ओर आ रही थी उसने कुर्सी मोड़ के पास एक बाइक चालक युवक को टक्कर मारी जिसमें दो युवक घायल हुए थे जिसमें घटना के 3 घंटे बाद युवकों को अमानगंज लाया गया था जिसमें दोनों युवकों की मौत हो गई थी घटना को घटित करने वाले वाहन की जांच सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से पुलिस को ज्ञात हुई जिसमें पता लगा कि सतना से पन्ना चलने वाली एक यात्री बस जो घटना दिनांक को अपने नंबर पर जा रही थी और कुर्सी के पास उसके द्वारा यह घटना घटित की गई और तत्काल ही बस चालक बस को बैक करके नंबर पर ना जाकर पन्ना की ओर लौट गया। इस बात से पुलिस ने सारी बात को खोला और आरोपी चालक अगले दिन अपनी गाड़ी को नंबर पर लेकर आया और पुलिस ने इस दबोच लिया आरोपी चालक का नाम यहां जितेंद्र यादव पिता गोरेलाल यादव के नाम से जाना गया और यात्री बस का नंबर P0465 जो मिश्रा जी एंड कंपनी की बस बताई गई यहां थाना प्रभारी महेंद्र सिंह भदौरिया और उनके सहयोगी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही

# निगरानी समिति की बैठक में कलेक्टर ने दिये दिशा निर्देश



**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्षा में कृषक उत्पादक संगठन योजना अंतर्गत जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक हुई। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय एवं उप संचालक कृषि ए.पी. सुमन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में योजना अंतर्गत एफपीओ के पंजीयन, आर्थिक सहायता व अनुदान, एफपीओ के लायसेंस सहित अब तक जिले में पंजीकृत कृषक उत्पादक संगठन के कार्यों के बारे में आवश्यक चर्चा की गई। जिला कलेक्टर द्वारा योजना के बेहतर क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान अवगत कराया गया कि किसान उत्पादक संगठन किसानों द्वारा स्वयं गठित एक समूह है। यह किसानों के हित में कार्य करता है। इसका उद्देश्य एक समान कृषि व्यवसायिक गतिविधियों का संचालन करना है। इसमें किसी एक गांव अथवा आस-पास के ग्रामों के किसानों को शामिल कर कृषि उद्यमों को प्रोत्साहित किया जाता है।

# अजयगढ़ क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था सुधरी 60 गांव में वोल्टेज समस्या खत्म



**पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह के प्रयासों से जैतूपुर 220 केव्ही विद्युत उपकेन्द्र से दो फीडर बीरा व सब्दुआ शुरू अनुमानित 60 गांव को सुदृढ़ विद्युत व्यवस्था बनी। बोल्टेज की समस्या हुई खत्म विकास में सबसे बड़ी जरूरत विद्युत की आज वहीं अजयगढ़ तहसील के साथ-साथ चंदला तहसील को भी विद्युत प्रवाहित किये जाने को लेकर प्रयास जारी।**

पन्ना।

अजयगढ़ क्षेत्र में जहां लम्बे अर्से से विद्युत व्यवस्था जो समस्या के रूप में बनी हुई थी। उसके निदान को लेकर पूर्व मंत्री पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह के प्रयासों के चलते ग्राम जैतूपुर में 220 केव्ही विद्युत उप केन्द्र का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद जहां दो फीडर जिसका चार्ज लोड सफलतापूर्वक किया गया है। जिसमें बीरा फीडर तथा सब्दुआ फीडर बताये जा रहे है। गौरतलब बात यह है कि बीरा व सब्दुआ फीडर के अंतर्गत लगभग 50 से 60 गांव विद्युत व्यवस्था जो कहीं न कहीं अब माकूल व्यवस्था के रूप में जानी जायेगी। जहां बोलटेज की समस्या अक्सर बनी रहती थी उसका समाधान माना जा रहा है। विद्युत ही विकास को लेकर महत्वपूर्ण मानी जाती है जिससे विद्युत से संबंधित मशीनरी तथा घरेलू व ग्रामीण क्षेत्र के उद्योगों को लेकर भी विद्युत की व्यवस्था अहम मानी जाती है। आज यह क्षेत्र विद्युत की इस समस्या को लेकर समाधान के रूप में जो दिशा तय हुई है इसमें समूचे अजयगढ़ क्षेत्र व चंदला क्षेत्र के लिए भी आगामी समय में विद्युत की व्यवस्था बेहतर तरीके से संचालित करने को लेकर जानी जायेगी। विद्युत की समस्या लम्बे अर्से से समूचे अजयगढ़ क्षेत्र में की एक प्रमुख समस्या थी। जिसके निदान को लेकर पूर्व मंत्री पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने प्रयास किये और आज समूचे क्षेत्र के लिए विद्युत की यह माकूल व्यवस्था बनाने में विभागी अधिकारी की भूमिका भी अहम मानी जा रही है। जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के प्रयासों से जहां जैतूपुर 220 केव्ही विद्युत उपकेन्द्र में से दो फीडर बीरा व सब्दुआ चालू होने से 50 से 60 गांव जहां लाभांवित होने की दिशा तय करेगें। यह सुविधा अपने आप में इन गांवों के लिए खुशियों को लेकर जानी जा रही है।

### गुनौर विधानसभा के विधायक डॉ. राजेश वर्मा द्वारा विधासभा में जे.के. सीमेन्ट फैक्ट्री पर साधा निशाना-विधानसभा में उठाया मुद्दा

# शिक्षितों को रोजगार की जगह रोड एक्सीडेंट दे रही है जेके सीमेन्ट



**पन्ना।** विधानसभा के सत्र के दौरान गुनौर विधान सभा से बीजेपी पार्टी के विधायक राजेश वर्मा ने सदन में जमकर हुंकार भरी, कांग्रेस को आड़े हाथों लेकर उनके कार्यकाल में जनता ने जो कस्ट भोगा उसको लेकर कांग्रेस पार्टी को जहां एक ओर जम कर धोया वहीं दूसरी ओर हमेशा से दरकिनार रहने वाले छोटे लेकिन गंभीर स्थानीय मुद्दों पर बड़ी मुखरता से सदन का ध्यान आकृष्ट कराया, विधायक द्वारा बजट की तारीफ करते हुए वित्त मंत्री की सराहना की साथ ही रामपथ गमन पर हो रहे कार्यों पर खुशी जाहिर की। लाडली बहना योजना, पीएम आवास योजना से कैसे घरों में खुशियां आई उसका भी जिक्र इस पूरी चर्चा में उन्होंने किया। विधायक गुनौर द्वारा अमानगंज सीमेंट फैक्ट्री के वाहनों से हो रही दुर्घटनाओं पर आक्रोश व्यक्त कर बिगड़ी यातायात व्यवस्था पर कटाक्ष किया, बड़ागांव में उद्योग लगाने के विषय के साथ भीतरी मुतमुरू सिंचाई परियोजना, देवेंद्रनगर सलेहा रोड चौड़ीकरण, सलेहा महाविद्यालय जैसे कई स्थानीय मुद्दे पर सदन में बैठे जिम्मेदारों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इन पर अमल का अनुरोध किया। कल विधायक द्वारा सदन में दहाड़ से स्थानीय जनता को इस बार कई समस्याओं से निजात मिलने की आश जगी है जिसको लेकर जनता में चर्चा का विषय के साथ खुशी का माहौल देखने में आया है।

गौरतलब है कि पन्ना जिले में जे.के. सीमेन्ट कंपनी समग्र विकास का दावा करती है, यदि शोषण में अग्रणी कहा जाये तो अतिसंयुक्ति नहीं होगी। शिक्षा के क्षेत्र में स्कूलों की छुटपुट मरम्मत के अलावा किसी तरह से अन्य प्रयास न के बराबर रहे। यदि बात करें रोजगार की तो जे.के. सीमेन्ट कंपनी ने क्षेत्रीय लोगों के साथ जबरदस्त न इंसाफी की है। जे.के. सीमेन्ट की स्थापना के समय किसानों की जमीनी लेते समय यह वादा किया गया था कि हर एक किसान परिवार के एक व्यक्ति को कंपनी में नौकरी में रखा जायेगा किन्तु कंपनी अपने वादे से मुकर गई। केवल राजस्थान, बिहार, उ.प्र. के लोगों को नोकरी दी गई। पन्ना जिले के योग्य शिक्षित बेरोजगार आज भी कंपनी के चक्कर लगा रहे है। बल्कि इप्लायमेंट ऑफिस के तहत भरे जाने वाले पद एवं रिपोर्ट की अनदेखी की जा रही है। तथा डी कार्बन किये गये बोदा एवं अन्य गांव के बेरोजगारों को रोजगार के अवसर देने में असफल रही है। तथा शासन से कम्प्लेन्स करने में हरदम कदम पीछे ही खींचती है। सिर्फ प्रोपोगंडा फोटो स्नेप लेकर अपनी अहमियत साबित करती है। जे.के.सीमेन्ट कंपनी पन्ना के बेरोजगारों को नोकरियां डवलेपमेंट सर्विस से जोड़ना ही नहीं चाहती सूत्रों का कहना है कि कंपनी का यह भी कहना है कि यदि पन्ना के लोगों को नौकरी देंगे तो यहां के लोग यूनियन बाजी करेंगे। वर्तमान में जो अधिकारी/कर्मचारी कंपनी में कार्य कर रहे है वे ज्यादा संख्या में राजस्थान, बिहार, उत्तर प्रदेश के है वे सब अपने यहां के वर्करों को काम दे रहे है पन्ना के जो दुट-पुट वर्कर रखे गये है वे अधिकतर ठेकेदारों के मातहत लेवर के रूप में रखे गये है। विकास की बात तो छोड़यि मात्र हर क्षेत्र में शोषण ही किया जा रहा है पन्ना में कई आईटीआई प्रशिक्षित बेरोजगार है आज तक किसी को रोजगार उपलब्ध नहीं कराया गया केवल कोरे सपने दिखाये जा रहे है। कंपनी की मानसिकता में ही खोट नजर आ रहा है।

जिले में संपूर्ण विकास की बात करें या क्षेत्रीय विकास की बात करें आज कंपनी अपने केंपस में ही अच्छी शिक्षा नहीं दे सकी। क्षेत्र की बात तो कोरी कल्पना है। जहां तक कोविड एवं अनाथ बच्चों को मात्र कपड़े बांटकर वाहवाही लूटकर धमार्थ खाते में खर्च दिखाकर टेक्स की बचत कर रही है एवं शासन को धोखा दे रही है। पन्ना का पत्थर निकालकर उत्तर प्रदेश भेज रही है। आखिर इनके अनुबंध में कितने फुट तक का पत्थर निकालने की अनुमति है। क्या जे.के. सीमेन्ट कंपनी पत्रकार वार्ता आयोजित कर अनुबंध की शर्तों को उजागर करेगी। या प्रशासन इस पर आवश्यक कार्यवाही करेगा। अधिक गहराई से पत्थर निकालने के पीछे कहीं न कहीं रॉयल्टी पर डांका तो नहीं डाला जा रहा है कुल मिलाकर जे.के.सीमेन्ट कंपनी पन्ना के लिये अभिषाप बनकर आई है जिसमें इनके वाहनों से कई लोगों की जानें गई केन नदी का दोहन किया पत्थर का अवैध व्यापार पर्यावरण को दूषित रही है। किसानों की फसलें प्रदूषण से चौपट हो रही है बेरोजगारी को बढावा तथा केन के जलचरों की मौत सामने मडरा रही है। यही है जे.के.सीमेन्ट कंपनी का योगदान। कई अनसुलझे सवाल है जिनका जवाब जे.के.सीमेन्ट कंपनी के पास नहीं है। क्या प्रशासन इसकी उच्च स्तरीय जांच करायेगा। जिसका इंतजार जिले की जनता को है जिला प्रशासन कब तक जांच करायेगा यह तो आगे आने वाला वक्त ही तय करेगा।

# जिले का प्रशासन कोचिंग सेंटर बंद कराने में है नाकाम



**देवेंद्रनगर।** देवेंद्रनगर में सरकारी शिक्षक बेखोप कोचिंग सेंटर चला रहे जबकि डीईओ साब ने कोचिंग संचालक सरकारी शिक्षको जी जानकारी मांगी थी लेकिन संकुल प्राचार्यो द्वारा अनदेखा किया गया और आदेश का पालन नही किया गया, कोचिंग संचालक सरकारी शिक्षक, बोर्ड परीक्षा में अपनी ड्यूटी लगवाते है और उनकी कोचिंग में पढ़ने वाले छात्रों को ऑप्शनल वाले प्रश्नों में हेल्प करते है, जो छात्र कोचिंग नहीं पढ़ते उनको नही बताया जाता उत्तर क्यू की बो कोचिंग पड़ने में असमर्थ है, देवेंद्र नगर में 11वीं ,12वीं में साइंस की कोचिंग सरकारी शिक्षक बेखोप चला रहे, जिस पर न प्रशासन लगाम लगा रहा न संकुल प्राचार्य न ही मीडिया इस और ध्यान दे रहा। बच्चे विद्यालय में जाकर पढ़े या ना पढ़े लेकिन कोचिंग सेंटर में पढ़ने कर जायेंगे और भरी फीस भी भरेंगे। इसके बावजूद की प्रशासनिक तौर पर आदेशित किया गया है की शासकीय शिक्षक कोचिंग सेंटर नही चला सकते है किंतु देवेंद्रनगर में तो कई शिक्षक अपने स्कूल के पूर्व और स्कूल के बाद के समय में कोचिंग चलाते है जिससे बच्चे स्कूल न जाकर बल्कि कोचिंग में पढ़ने जाते है। शासकीय शिक्षक स्कूल में पढ़ाने से कतराते नजर आते है किंतु कोचिंग सेंटर में बहुत बखूबी से पढ़ाते है। ऐसे शिक्षको पर कब अधिकारियों की नजर पड़ेगी ये देखने को अभिभावक तरस रहे है ।और गरीब वर्ग बच्चो को पढ़ाने के लिए कर्ज लेकर कोचिंग में पढ़ाने को मजबूर है। कोचिंग में 20 से 50 बच्चो की संख्या में एक साथ कक्षा लगाई जाती है। जो एक तरह का व्यापार चल रहा है।

### सुलगते सवाल-

क्या नगरीय एवं जिले के अधिकारी शिक्षा विभाग के आदेशों को इसी तरह नजर अंदाज करते रहेंगे और अभिभावक को इसी तरह शासकीय शिक्षको के द्वारा कोचिंग के माध्यम लूटा जायेगा। या फिर अधिकारियों द्वारा शिक्षको के माध्यम से भोली भाली जनता को परेशान किया जा रहा है।

# आरसेटी में बकरी पालन प्रशिक्षण का समापन



**पन्ना।** भारतीय स्टेट बैंक के ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) में गत दिवस दस दिवसीय बकरी पालन के निःशुल्क प्रशिक्षण का समापन हुआ। इस मौके पर 35 प्रतिभागियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने पर संस्था निदेशक अरविन्द कुमार गुप्ता, आजीविका मिशन के देवेन्द्र सक्सेना, आरसेटी फेकल्टी राजीव कुमार रजक द्वारा प्रोत्साहित कर प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। आरसेटी में गत 27 जून से 30 दिवसीय महिला सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन भी किया जा रहा है। इस निःशुल्क प्रशिक्षण में सिलाई संबंधी समस्त प्रकार के कार्यों के बारे में जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान रहने एवं चाय, नाश्ता व भोजन इत्यादि की भी निःशुल्क व गुणवत्तायुक्त व्यवस्था की गई है। नवीन आरटीओ कार्यालय के पास पुराना पन्ना स्थित आरसेटी संस्था में आगामी प्रशिक्षण के दौरान भी प्रशिक्षणार्थी आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रशिक्षण के लिए आवेदन कर सकेंगे। प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए ग्रामीण क्षेत्र का एवं जिले का मूल निवासी होना आवश्यक है।

### अजयगढ़ में संपूर्णता अभियान का शुभारंभ

# आकांक्षी विकासखण्ड योजना में शामिल है पन्ना जिले का अजयगढ़ विकासखण्ड



पन्ना।

भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा देश भर में पाँच सौ विकासखण्डों को आकांक्षी विकासखण्ड योजना में शामिल किया गया है। इसमें पन्ना जिले का अजयगढ़ विकासखण्ड भी शामिल है। विभिन्न मानकों के आधार पर अन्य ब्लॉक की तुलना में पिछड़े इन आकांक्षी विकासखण्डों में निर्धारित सूचकांकों में अपेक्षित प्रगति के लिए 7 जनवरी 2023 को आकांक्षी विकासखण्ड कार्यक्रम शुरू किया गया है। इन विकासखण्ड में आगामी 30 सितम्बर तक संपूर्णता अभियान चलाकर निर्धारित 6 सूचकांकों में नियत लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति की जाना है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नोडल अधिकारी संघ प्रिय ने यह बात शनिवार को अजयगढ़ में संपूर्णता अभियान के शुभारंभ अवसर पर कही। जिपं सीईओ ने कहा कि निर्धारित विभागों के 39 संकेतकों में सुधार के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाएगी, जिसके तहत आगामी 15 अगस्त तक कम चुनौतीपूर्ण 6 संकेतकों में शत प्रतिशत सेचुरेशन के लिए कार्ययोजना तैयार की गई है। स्वतंत्रता दिवस पर ग्राम पंचायतों में आयोजित ग्रामसभा के दौरान शत प्रतिशत लक्ष्य की उपलब्धि का संकल्प पारित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आकांक्षी विकासखण्डों की गतिविधियों की नीति आयोग द्वारा नियमित मॉनीटरिंग की जा रही है। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों से गंभीरतापूर्वक आवश्यक कार्यवाही के लिए सामूहिक प्रयास का आह्वान करते हुए कहा कि आकांक्षी विकासखण्ड में शिशुओं तथा गर्भवती महिलाओं की देखभाल, पूरक पोषण आहार के वितरण तथा संपूर्ण टीकाकरण का लक्ष्य शत-प्रतिशत प्राप्त करें। शिविर में महिलाओं एवं शिशुओं के स्वास्थ्य जाँच की उचित व्यवस्था करें। अभियान के दौरान संपूर्ण टीकाकरण का लक्ष्य पूरा करें। बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं को सही समय पर टीके लगाना सुनिश्चित करें। इसका विवरण ऑनलाइन अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। महिला स्वसहायता समूहों को सशक्त बनाने के लिए उन्हें चिन्हित गतिविधियों में ऋण और अनुदान देने के साथ बैकवर्ड तथा फारवर्ड लिंकेज का लाभ दें। सभी स्वसहायता समूहों को रिवाल्विंग फण्ड जारी कराएं। जिला प्रबंधक आजीविका मिशन, महिला स्वसहायता समूहों की प्रगति की मॉनीटरिंग कर हर सप्ताह रिपोर्ट प्रस्तुत करें। लगातार प्रयास करने पर ही स्वसहायता समूहों का सशक्तिकरण होगा। इसी तरह जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत पंजीयन कराकर पूरक पोषण आहार का वितरण कराएं। शिशुओं के टीकाकरण तथा पोषण आहार वितरण की भी समुचित व्यवस्था करें। इसमें लापरवाही बरतने वाले के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करें। महिलाओं और बच्चों की उचित देखभाल होने तथा समय पर योजनाओं का लाभ मिलने पर ही मातृ मृत्यु दर तथा शिशु मृत्यु दर राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होगी। उप संचालक कृषि खेती में सुधार के लिए किसानों को उन्नत बीज वितरित कराएं। आकांक्षी विकासखण्ड के सभी किसानों के खेतों की मिट्टी का परीक्षण कराकर उन्हें स्वाइल हेल्थ कार्ड प्रदान करें। प्रत्येक किसान को अभियान चलाकर स्वाइल हेल्थ कार्ड प्रदान करें। इस मौके पर नगर परिषद अजयगढ़ की अध्यक्ष सीता गुप्ता ने कहा कि संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारीगण संपूर्णता अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार कर शिविर आयोजन और जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित करें। समय-सीमा में लक्ष्यपूर्ति पर जोर दें। जनपद पंचायत सीईओ सतीश नागवंशी द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया। कार्यक्रम का संचालन खण्ड पंचायत अधिकारी शिवनारायण गर्ग द्वारा किया गया। इस अवसर पर नीति आयोग के आर्थिक अन्वेषक कपिल सैनी सहित एसडीएम संजय नागवंशी, जिला कार्यक्रम अधिकारी उदल सिंह ठाकुर, अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी व नागरिकगण उपस्थित रहे।

### नाटक मंचन कर दिया संदेश-

शुभारंभ कार्यक्रम के अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक नाटक की प्रस्तुति भी दी गई। इस दौरान कुपोषण दूर करने का संदेश दिया गया। साथ ही शिक्षा की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। नाटक मंचन करने वाले विद्यार्थियों और चित्रकला प्रतियोगिता में अव्वल विद्यार्थियों को पुरस्कार का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल भी लगाए गए। अतिथियों द्वारा स्टॉल और प्रदर्शनी का अवलोकन कर आवश्यक जानकारी ली गई। इसके अलावा शपथ वॉल पर हस्ताक्षर कर संकल्प व्यक्त किया गया। अतिथियों द्वारा उपस्थितजनों को अभियान के सभी इंडिकेटर्स को संतृप्त करने में योगदान देने और प्रेरणादायक ब्लॉक व जिला बनाने की दिशा में कार्य करने की प्रतिज्ञा भी दिलाई गई।

### रैली निकाल कर किया जागरूक-

संपूर्णता अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम के समापन उपरांत जनपद पंचायत कार्यालय परिसर से माधवगंज तिराहा तक जागरूकता रैली निकाली गई। जिला पंचायत सीईओ एवं जनप्रतिनिधियों सहित संबंधित विभाग के मैदानी कर्मचारी रैली में शामिल हुए। इस दौरान आमजनों से अभियान अवधि में अधिकाधिक संख्या में निर्धारित विभागों की सेवाएं प्राप्त करने की अपील की गई। रैली वापस जनपद पंचायत कार्यालय परिसर पहुंचकर समाप्त हुई।

## खबर संक्षेप

### घास काट रहे युवक की सर्पदंश से मौत

**छतरपुर।** बारिश का मौसम शुरु होते ही सर्पदंश की घटनाएं सामने आने लगी हैं। गत रोज हरपालपुर थाना क्षेत्र के ग्राम महेड़ में अपने खेत पर घास काट रहे 22 वर्षीय युवक को जहरीले सांप ने काट लिया था, जिसके बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक महेड़ निवासी भागचंद पुत्र बसंता अहिरवार शुक्रवार की सुबह अपने खेत की मेंढ़ पर लगी घास काट रहा था, तभी घास में बैठे जहरीले सर्प ने उसे डस लिया। भागचंद ने तत्काल परिजनों को इसकी जानकारी दी जिसके बाद परिजन उसे हरपालपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। वहीं पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

### नया कानून आने से पहले की घटनाओं में लागू होगा पुराना कानून

**छतरपुर।** जो आपराधिक घटनाएं 1 जुलाई से पूर्व घटित हुई हैं लेकिन उनके फरियादी 1 जुलाई के बाद सामने आ रहे हैं, उन मामलों में पुराने कानून के तहत ही मामला दर्ज किया जाएगा, यह जानकारी एडीपीओ प्रवेश अहिरवार ने मीडिया को दी है। श्री अहिरवार ने बताया कि ऐसे कई मामले हैं जो नया कानून लागू होने से पहले घटित हुए थे लेकिन उनके फरियादी 1 जूलाई के बाद सामने आ रहे हैं, ऐसी मामलों में पुलिस द्वारा संबंधित आरोपी के विरुद्ध पुराने कानून के तहत ही मामला दर्ज किया जाएगा। एडीपीओ प्रवेश अहिरवार ने बताया कि जो अपराध 1 जुलाई 2024 से पहले घटित हुए लेकिन उसकी सूचना 1 जुलाई के बाद थाने में पहुंची तो उनमें भारतीय दण्ड संहिता की धाराओं में ही मामला दर्ज किया जाएगा, इसके लिए जो सुसंगत धाराएं हैं उन्हीं का इस्तेमाल किया जाएगा। लेकिन यदि 1 जुलाई 2024 से पहले मामला दर्ज हो चुका है और उसमें विवेचना नहीं हुई है तो विवेचना नए प्रावधान के अनुसार होगी। इसके अलावा यदि एफआईआर भी पुराने कानून के तहत दर्ज हुई है और कुछ विवेचना भी हो चुकी है तो फिर नए कानून की धारा 531 के अनुसार पुरानी आईपीसी की धाराओं में मामला चलाया जाएगा।

### सोशल मीडिया पर वायरल हुआ मारपीट का वीडियो

**लवकुशनगर।** जिले के लवकुशनगर थाना क्षेत्र में कुछ आपराधिक तत्वों द्वारा एक युवक के साथ मारपीट किए जाने का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर न सिर्फ मामला दर्ज किया है, बल्कि दो आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया। बताया गया है कि मारपीट करने वाले दो आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक लवकुशनगर थाना क्षेत्र में एक युवक के साथ कुछ लोगों द्वारा लात-घूंसों और जूते-चप्पल से मारपीट किए जाने का वीडियो सोशल मीडिया के माध्यम से पुलिस तक पहुंचा था, जिसके बाद पुलिस ने मामले को संज्ञान में लिया और पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज किया। लवकुशनगर थाना प्रभारी निरीक्षक प्रशांत सेन ने बताया कि 4 जुलाई को ग्राम हरिद्वार निवासी फरियादी के साथ ग्राम बगमऊ के चार युवकों ने मारपीट की थी। इस मामले में भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में नामजद अपराध पंजीबद्ध किया गया और त्वरित कार्यवाही करते हुए 5 जुलाई को दो आरोपी जीतू उर्फ जितेंद्र उर्फ मटका उम्र 21 साल तथा बृजकिशोर उर्फ बिच्छू उम्र 26 साल दोनों पुत्र चंदन विश्वकर्मा को बगमऊ तिराहा से गिरफ्तार कर लिया गया।

### शासकीय व अशासकीय शिक्षक कर रहे इन कोचिंग सेंटरों का संचालन

# नगर बिना पंजीयन के संचालित हो रहे कोचिंग सेंटर

**हरपालपुर।** नगर में तमाम प्रयासों के बाद भी कोचिंग सेंटरों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। नगर में लहचूरा रोड, राजपूत कॉलोनी, थाने के पास, बस स्टैंड, राठ रोड पर दर्जनों कोचिंग बग़ैर रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रही हैं। विभागीय उदासीनता के चलते छात्रों सहित अभिभावकों को कठिनाई से गुजरना पड़ रहा हैं और उनसे मनमानी फीस वसूली जा रही है।शासन ने बिना रजिस्ट्रेशन के कोचिंग सेंटरों के संचालन पर रोक लगा रखी है। बावजूद इसके विभागीय अधिकारियों की उदासीनता से ये नियमों को ताक पर रख संचालित हो रहे हैं जिसका खमियाजा छात्रों को भुगतना पड़ रहा है। स्कूल कॉलेज में शिक्षण कार्य करने वाले शिक्षक कोचिंग संस्था खोल रखे हैं।शिक्षक स्कूलों में समय पर न जाकर अपने घरों में ट्यूशन, कोचिंग में छात्रों को पढ़ा रहे हैं। इन कोंचिंग संचालकों द्वारा एक बैच में 150 से 200 छात्रों को छोटे हॉल में बैठाकर पढ़ाया जा रहा है।नवीन शिक्षण सत्र शुरू होने के साथ ही नगर में कोचिंग क्लासेस की बाढ़ सी आ गई हैं। शासकीय स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षक छात्रों को कोंचिंग में पढऩे को बाध्य करते हैं। इसके चलते छात्र कोंचिंग में पढऩे को मजबूर हैं। कोंचिंग खोलने वाले शिक्षकों द्वारा स्कूल की पढ़ाई में लापरवाही बरती जाती है। शिक्षकों ने कोंचिंग सेंटरों को मोटी कमाई का जरिया लिया है।



### बिना मापदंड के संचालित हो रहे कोंचिंग सेंटर

नगर में संचालित कोचिंग सेंटरों की बात करें तो शासन द्वारा निर्धारित मापदंड पर खरे उतरते नजऱ नहीं आते हैं। जबकि कोई भी कोचिंग सेंटर चलाने के लिए सबसे पहले पंजीयन कराना आवश्यक होता है। यहाँ कई सालों से बिना पंजीयन व नियमों की अनदेखी कर कोचिंग सेंटरों का संचालन किया जा रहा हैं

### इनका कहना-

आपके द्वारा जानकारी मिली हैं शिकायत मिलने पर इन कोचिंग संचालकों के खिलाफ जांच करवाकर कार्यवाही करते हैं।

**एमके कोटार्य, डीईओ, छतरपुर**

## लूट करने वाले आरोपियों को तीन-तीन वर्ष का सश्रम कारावास एवं दस-दस हजार का अर्थदण्ड

**राजनगर।** फरियादिया प्रतिभा कुमार ने थाना खजुराहो में रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह ए 304 पार्श्वनाथ प्रेस्टीज सेक्टर 93 ए नोयडा की रहने वाली है उसका शिवायाम फार्म हाउस टपरियन में है जहां वह अपने पति के साथ रहती है। दिनांक 07.11.2022 को उसके पति प्रदीप कुमार नोयडा चले गये थे फार्म हाउस में भागीरथ कुशवाहा एवं विकास शुक्ला निवासी लखेरी काम करते थे जो दिन में काम करते थे और शाम को अपने घर चले थे दिनांक 10.11.2022 को वह रात में अपने फार्म हाउस पर अपने कमरा में सो रही थी तभी तीन अज्ञात व्यक्ति आए और उसकी मारपीट कर घर में रखा सामान लूट ले गए। सुबह फार्म हाउस पर काम करने वाले कर्मचारियों को पूरी घटना बताई एवं उसके बाद थाने जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध थाना खजुराहो में अपराध क्रमांक 308/2022 अंतर्गत धारा 394,201 एवं 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया जिसमें पुलिस द्वारा विवेचना के दौरान आरोपियों अवध पटेल, अमित पटेल, राहुल पटेल के द्वारा अपराध किया जाना सिद्ध पाया गया। विवेचक द्वारा अभियोगपत्र तैयार कर न्यायालय राजनगर में पेश किया गया। उक्त प्रकरण में विचारण के उपरांत दिनांक 05 जुलाई 2024 को अमोघ अग्रवाल न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी राजनगर के न्यायालय में निर्णय हेतु नियत था जिसमें न्यायालय द्वारा आरोपी राहुल पटेल के फौत हो जाने के कारण शेष आरोपियों अवध पटेल, अमित पटेल को धारा 394 भा0द0वि0 में 3-3 वर्ष का सश्रम कारावास व 10-10 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी श्रीराम यादव द्वारा की गई।

## केलकर सेवा समिति ने गृहमंत्री के नाम प्रशासन को सौंपा ज्ञापन



**छतरपुर।** शुक्रवार को केलकर सेवा समिति के तत्वाधान में पश्चिम बंगाल में महिलाओं के साथ हो रहे अनुचित, असभ्य व्यवहार एवं अमानवीय अत्याचारों के विरोध में गृह मंत्री भारत सरकार को कलेक्टर छतरपुर के माध्यम से ज्ञापन भेजा गया है। ज्ञापन के दौरान जिले की सेविका समिति एवं विभिन्न संगठनों की मातृशक्ति ने अधिक मात्रा में उपस्थिति देकर विरोध जताया। ज्ञात हो कि पश्चिम बंगाल में महिलाओं की दिन प्रतिदिन बिगड़ती हुई स्थिति गंभीर चिंता का विषय है। निरीह, निरपराध नागरिकों विशेषतः महिलाओं का शोषण और दर्दनाक उत्पीडऩ बढ़ता ही जा रहा है। ज्ञापन का वाचन प्रिया महतों ने किया और बरखा मिश्रा, तरुणा चौहान ने पत्रकारों के प्रश्नों का जवाब दिया। ज्ञापन देने के दौरान नपाध्यक्ष ज्योति चौरसिया, उर्मिला साहू, नीना नायक, सुनीता बिलथरे, नेहा अरजरिया जिलाध्यक्ष विप्र नारी शक्ति छतरपुर, सोनल तिवारी सहित अन्य मातृशक्ति उपस्थित रही।

## पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय में चल रही 53वीं संभाग स्तरीय प्रतियोगिता



**छतरपुर।** स्थानीय पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में 53वीं केन्द्रीय विद्यालय संगठन संभाग स्तरीय खेलकूद (शतरंज) प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ शनिवार को किया गया। शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि रहे डिप्टी कलेक्टर राकेश शुक्ला की उपस्थिति में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। विद्यालय के प्राचार्य मनीष रूसिया ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता का आयोजन केन्द्रीय विद्यालय संगठन जबलपुर संभाग की ओर से कराया जा रहा है। यह पहला अवसर है जब छतरपुर के पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय को उक्त प्रतियोगिता कराने का मौका मिला है। श्री रूसिया ने बताया कि 6 से 8 जुलाई तक चलने वाली प्रतियोगिता में संभाग के 31 केन्द्रीय विद्यालयों के 95 विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं। सागर के चीफ आर्विटर श्री अरोरा और उनकी टीम की देखरेख में प्रतियोगिता चल रही हैं। उन्होंने बताया कि यह रीजनल लेवल कॉम्प्टीशन है, जिसमें जबलपुर रीजन के 90 विद्यालय शामिल हैं। उक्त प्रतियोगिता में शतरंज के अलावा बॉलीवॉल, टेबिल टेनिस सहित अन्य खेल शामिल हैं, जिसमें 14 से 19 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चे भाग ले रहे हैं। जो प्रतिभागी टॉप 5 में आएंगे, उन्हें नेशनल लेवल कॉम्प्टीशन में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। इस अवसर पर विद्यालय के स्टाफ ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं भी दीं।

**कुलपति प्रो शुभा तिवारी सहित विश्वविद्यालय परिवार ने रोपे 6 सौ पौधे**

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत यूनिवर्सिटी के गौरैया कैंपस में हुआ वृहद वृक्षारोपण

**छतरपुर।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी छतरपुर के गोरैया स्थित नए विशाल परिसर में मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कुलगुरु प्रो शुभा तिवारी के मार्गदर्शन में वृहद पौधारोपण अभियान चलाया गया।मीडिया प्रभारी डा एसपी जैन के मुताबिक इस पौधारोपण अभियान में यूनिवर्सिटी की कुलगुरू प्रो शुभा तिवारी सहित प्राध्यापकों, यूनिवर्सिटी के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा एनएसएस एवं एनसीसी के छात्र छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए विविध प्रकार के कोई 600 पौधे रोपे एवं जानकारी को शासन के वायुदूत ऐप में अपलोड किया गया। पूर्व में किए गए वृक्षारोपण के अंतर्गत लगाए गए पौधों के साथ-साथ इन पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी यूनिवर्सिटी परिवार ने ली है। आगामी दिनों में भी यूनिवर्सिटी परिवार द्वारा वृक्षारोपण किया जाता रहेगा, जिससे गौरैया में यूनिवर्सिटी का विकसित हो रहा नया परिसर हरा भरा होने के साथ साथ गर्मी के प्रकोप को कम कर सके तथा पर्यावरण संरक्षण हो सके।कुलपति प्रो शुभा तिवारी ने इस वर्ष न केवल भारत वरन दुनिया के विभिन्न देशों में पड़ी भीषण गर्मी का प्रकोप एवं जनहानि का उल्लेख करते हुए इस वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आव्हान किया, ताकि गर्मी का



प्रकोप कम करने के साथ साथ पर्यावरण को अच्छा बनाया जा सके। इस अवसर पर प्रति कुलगुरु डा डीपी शुक्ला, कुलसचिव यशवंत सिंह पटेल, शोध निदेशक डा बीएस परमार, प्राध्यापक संघ के अध्यक्ष डा अशोक निगम, सहायक कुलसचिव हर्षित ताम्रकार एवं हितैष कोपाडे सहित स्वयं सेवकों एवं एनसीसी के कैडेट्स ने उल्लासपूर्वक पौधारोपण किया।

## कुएं में गिरा किसान, सिर में चोट लगने से हुई मौत



**छतरपुर।** जिले के हरपालपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कराठा का एक किसान शुक्रवार को अपने खेत पर काम कर रहा था इसी दौरान वह कुंए में गिर गया और सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई। घटना के बाद किसान को अस्पताल लाया गया था, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। चिकित्सकों द्वारा मौत की पुष्टि किए जाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। कराठा सरपंच पुष्पेन्द्र सिंह ने बताया कि गांव का 21 वर्षीय अखिलेश पुत्र कालीचरन कुशवाहा शुक्रवार को अपने खेतों की बुवाई करने के लिए गया था। शाम करीब 8 बजे जब वह कुंए के पास से गुजर रहा था तभी उसका पैर फिसल गया और वह सिर के बल कुंए में जा गिरा। सिर में गंभीर चोट लगने से अखिलेश की मौके पर मौत हो गई थी। आसपास मौजूद लोगों ने आनन-फानन में उसे कुंए से बाहर निकाला और हरपालपुर अस्पताल ले गए, लेकिन तब तक अखिलेश की मौत हो चुकी थी। अस्पताल में मौत की पुष्टि होने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए नौगांव भेजा गया। वहीं पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर जांच शुरु कर दी है।

## प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा स्कूल में किया गया वृक्षारोपण

**छतरपुर।** पर्यावरण को स्वच्छ एवं हराभरा रखने के लिए विभिन्न संस्थाओं द्वारा अपने-अपने स्तरों पर वृक्षारोपण किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में जिले के नवागत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविंदर सिंह द्वारा महर्षि विद्या मंदिर दरी रोड में वृक्षारोपण किया गया इस अवसर पर श्री अनिल चौधरी सचिव जिला विधिक सेवा, श्रीमती सपना भारती कतरोलिया सीजेएम, श्री अरविंद गुर्जर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम एवं श्री हेमंत कुशवाहा जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया।विद्यालय की ओर से पंकज जैन ने बताया कि विद्यालय द्वारा 30 दिवसीय वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करने के लिए आज का कार्यक्रम आयोजित किया गया था।इन अवसर पर जिला विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से अनिल चौधरी सचिव जिला विधिक सेवा द्वारा छात्रों को विभिन्न विधिक जानकारियां भी दी गयी। उन्होंने छात्रों से दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चलाने या वैठने पर सीट बेल्ट के प्रयोग अवश्य करने का अनुरोध भी किया। उन्होंने कहा जहाँ हमे संविधान द्वारा कुछ अधिकार दिए गए है तो वही हमारे कुछ कर्तव्य भी है जिन्हें हम सभी को ध्यान रखना चाहिए। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविंदर सिंह ने छात्रों से कहा कि वे जो भी कैरियर चुने उसे ईमानदारी एवं कर्तव्य निष्ठा के साथ क्रियान्वित करें। उन्होंने जब छात्रों से जानना चाहा कि कितने छात्र ज्यूडिशियरी को अपना कैरियर बनाना चाहते है तो छात्रों का सकारात्मक झुकाव नजर आया। विद्यालय प्राचार्य सी के शर्मा ने छात्रों को न्यायिक व्यवस्था में अपना कैरियर चुनने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय द्वारा सभी सम्माननीय जजो का सम्मान ज्ञानवर्धक पुस्तको एवं प्रतीक चिन्ह से किया गया।



## होटल मैरिज हाउस स्वयं करेंगे अपने कचरे का प्रबंधन



**छतरपुर।** शहर में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के प्रयोजन हेतु सीएमओ माधुरी शर्मा ने नगर पालिका सभाकक्ष में कार्यशाला का आयोजन किया। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष ज्योति चौरसिया ने स्वच्छ वार्ड रैकिंग में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को नगर परिषद से सम्मानित करने की घोषणा की। इस अवसर पर पूर्व मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं स्वच्छता विशेषज्ञ डी.डी. तिवारी ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए बताया कि स्वच्छ वार्ड रैकिंग के अंतर्गत उस वार्ड में स्थित होटल, मैरिज हाउस, अस्पताल, स्कूल, रहवासी संघ, बाजार संघ, कार्यालय की रैंकिंग की जायेगी। तीन सबसे स्वच्छ वार्डों में स्थित उपरोक्त संस्थानों को पुरस्कृत किया जायेगा। किन्तु इन संस्थानों को गीले कचरे से स्थलीय कम्पोस्टिंग करना होगी तथा सूखा कचरा नीले डस्टबिन में संग्रहित कर नगर पालिका के वाहन में डालना होगा। परिसर कचरा मुक्त पॉलीथिन मुक्त रखना होगा तथा शौचालय उपयोग के अनुकूल संधारित करना होगा। इस अवसर पर मैरिज हाउस संचालक पटेल ने कचरे में आग लगाने वाले होटल, मैरिज हाउस को नगरपालिका से दण्डित करने का सुझाव दिया तथा नगरपालिका की इस पहल का स्वागत किया।मुख्य नगरपालिका अधिकारी माधुरी शर्मा ने बताया कि नगरपालिका से स्वमूल्यांकन प्रपत्र सभी संस्थानों को उपलब्ध कराये जाएंगे एवं उनका नगरपालिका द्वारा गठित समिति द्वारा परीक्षण किया जाएगा। मेरी अपेक्षा है कि सभी होटल, मैरिज हाउस गाइडलाइन का पालन कर रैकिंग में पहला स्थान प्राप्त करें। इस दौरान स्वच्छता ब्राड एम्बेसडर विपिन अवस्थी, एडवोकेट आनंद शर्मा, सोयलपुरी गोस्वामी, राकेश शर्मा, नाथूराम साहू, पूर्व स्वास्थ्य अधिकारी एमए सिद्दीकी ने स्वच्छा सर्वेक्षण हेतु उपयोगी सुझाव प्रस्तुत किये। नोडल अधिकारी नीतेश चौरसिया ने बताया कि होटल, मैरिज हाउस में कम्पोटिंग पिट तथा कचरा प्रबंधन हेतु नगरपालिका से मार्गदर्शन दिया जाएगा। इस अवसर स्वच्छता निरीक्षक आरपी तिवारी ने कहा कि जो लोग होटल, मैरिज हाउस में स्टील के बर्तन एवं क्राकरी के स्थान पर प्लास्टिक डिस्पोजल का उपयोग करेंगे उनका लायसेंस निरस्त किया जाएगा एवं 5 हजार रूपये तक का जुर्माना किया जाएगा। इस अवसर पर बल्देव विश्वकर्मा एवं अन्य होटल, मैरिज हाउस संचालक एवं अन्य संस्थानों के प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## रखरखाव से वंचित तालाबों के अधिकांश भू-भाग पर हो गया अतिक्रमण

### प्रशासन की तरफ से जल गंगा अभियान में सिर्फ दिखावा

**लवकुशनगर।** लवकुशनगर के अधिकांश तालाब एवं तलैया का सीमांकन एवं गहरी करण न होने की वजह से तालाब ,तलैया अतिक्रमण की चपेट में आ चुके है नगर में सरकार के मंशानुरूप जल गंगा अभियान के तहत तालाब तलैयों के गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण नगरीय प्रशासन की तरफ से सिर्फ दिखावा सावित हुआ है।

जिला कलेक्टर संदीप जी, आर के सख्त आदेश हैं की तालाब ,तलैया कुआ ,बावड़ी से अतिक्रमण हटवा कर उसका सीमांकन करवा कर गहरीकरण एवं सौंदर्य करण करवाया जाए जिससे आने वाले समय में नगर ० गाँव में जल संकट का अभाव ना हो। लेकिन लगता है लवकुशनगर में कलेक्टर के आदेशों का नगरीय प्रशासन, एवं राजस्व प्रशासन को कोई लेना-देना नहीं। नगर के वार्ड नंबर 14 के वार्ड वासी राम राजा राजपूत ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि लवकुशनगर के वार्ड नंबर 14 हलऊआ मुहाल में स्थित तालाब के अधिकांश भाग में वार्ड वासियों के द्वारा उसमं अतिक्रमण कर लिया गया है हम वार्ड वासियों ने वार्ड पार्षद एवं नगर परिषद अध्यक्ष से कहा एवं लवकुशनगर प्रशासन को इस समस्या के संबंध में लिखित शिकायत से अवगत कराया गया मगर लवकुशनगर प्रशासन ने आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं की।

लवकुशनगर प्रशासन को चाहिए कि तालाब का अतिक्रमण हटवा कर इसका सीमांकन कर गहरीकरण एवं सौंदर्य करण करवाएं जिससे वार्ड में आगे जल संकट का अभाव न हो

अगर लवकुशनगर प्रशासन नहीं सुनता है तो हम समस्त वार्ड वासी जिला कलेक्टर महोदय के समक्ष अपनी समस्या सुनायेगे।

### इनका कहना है -

गहरीकरण के लिए नगर परिषद सीएमओ को बोल देते हैं एवं सीमांकन के लिए आर आई पटवारी को भी आदेशित करते हैं।

**संदीप श्रीवास्तव**
**तहसीलदार लवकुशनगर**

कलेक्टर साहब के आदेश हैं सीमांकन के लिए मेरी भी तहसीलदार से बात हो गई है एक-दो दिन में सीमांकन करवाते हैं

**महादेव अवस्थी**
**सीएमओ, नगर परिषद**
**लवकुशनगर**

## खबर संक्षेप

### भारतीय मानवाधिकार ने किया वृक्षारोपण



**रीवा**। रीवा जिले में मानवाधिकार एसोसियेशन के जिलाध्यक्ष मोहित मिश्रा द्वारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा गया जिस कार्यक्रम में प्रदेश संगठन सचिव रामपाल नामदेव विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में प्रदेश कृषि संरक्षक सुधाकर पाण्डेय, प्रदेश सचिव नरेन्द्र कुमार शर्मा, प्रदेश कल्याण अधिकारी डॉ.रजनीकान्त मिश्रा, जिला प्रभारी लवकुश गुप्ता, महासचिव पारश शुक्ला, डॉ.सुरेश प्रसाद मिश्रा, राजेश भल्ला, हनी उप्पल, राजीव गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### वृद्ध महिला को परिजनों से मिलाया



**रीवा**। महिला एवं बाल विकास द्वारा संचालित भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से एक बुजुर्ग महिला अपने परिजनों से 10 दिन बाद मिल सकी। इस संबंध मे प्रशासक वन स्टॉप सेंटर (सखी) श्रीमती मनोज शुक्ला ने बताया कि विगत 4 जुलाई को सहायक संचालक महिला बाल विकास आशीष द्विवेदी द्वारा संभागायुक्त कार्यालय के समीप एक अज्ञात वृद्ध महिला के भटकने की सूचना दी गई थी। जिसे रेस्क्यू करने एवं अन्य सुविधा दिलाये जाने के निर्देश भी दिए गए थे। जिसके तुरंत बाद ही वन स्टॉप सेंटर के पदाधिकारी वृद्ध महिला को रेस्क्यू करने के लिए रवाना हुए। वृद्ध महिला को अग्रसेन चौक से रेस्क्यू कर वन स्टॉप लाया गया, जँहा उस वृद्ध महिला की प्रारंभिक चिकित्सकीय जांच करते हुए उसके परिजनों के बार में जानकारी जुटाई गई। वृद्ध महिला के बारे में जानकारी जुटाने के लिए सामाजिक न्याय विभाग से भी सम्पर्क किया गया। जिसके परिणामस्वरूप वृद्ध महिला के परिजनों का पता लगाया गया। वृद्ध महिला ग्राम पंचायत सेमरिया के ग्राम कोल्हारू के विश्वकर्मा परिवार की है। वृद्ध महिला की मानसिक स्थित ठीक न होने के कारण वह अक्सर घर से पलायन कर जाती है। परिजनों से मिल कर महिला ने वन स्टॉप सेंटर का धन्यवाद किया साथ ही महिला के परिजनों ने भी नम आँखों से सभी कर्मचारियों का धन्यवाद किया। इस कार्य में महिला एवं बाल विकास विभाग की सुमन नामदेव, क्षितिज तिवारी, रेखा चतुर्वेदी, शिवानी द्विवेदी, सामाजिक न्याय विभाग के संयुक्त संचालक अनिल दुबे एवं मृगेन्द्र श्रीवास्तव तथा वन स्टॉप सेंटर के पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### कमिश्नर 9 जुलाई को करेंगे कार्यों की समीक्षा

**रीवा**। रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद 9 जुलाई को संभागीय बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। बैठक कमिश्नर कार्यालय सभागार में दोपहर एक बजे आरंभ होगी। बैठक में प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार, शासकीय सेवकों के कार्यों के मूल्यांकन, शासकीय सेवकों को नए कानूनों की जानकारी देना, एयर एंबुलेंस के उपयोग के संबंध में निर्देश दिए जाएंगे। बैठक में कमिश्नर पशुओं के टीकाकरण, वर्षाजनित रोगों से बचाव, कृषि आदान तथा बाढ़ एवं अतिवृष्टि से राहत और बचाव की तैयारियो की समीक्षा करेंगे। सभी संबंधित अधिकारियों अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### बैंक खाते को आधार से लिंक करवाएं

**अनूपपुर**। राज्य शासन द्वारा समस्त विभागों को राज्य प्रायोजित डीबीटी योजनाओं में हितग्राहियों की पहचान के लिये मुख्य रूप से आधार का उपयोग करने के निर्देश दिए गए हैं। इन निर्देशों के परिपालन में मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा संचालित समस्त योजनाओं में पारदर्शिता के लिये निर्माण श्रमिक पंजीयन तथा योजनाओं के आवेदन के समय ई-केवायसी तथा योजनाओं अंतर्गत हितलाभ वितरण आधार आधारित भुगतान प्रक्रिया के माध्यम से किए इस व्यवस्था के अंतर्गत कर्मकार कल्याण मंडल के पंजीकृत श्रमिक/हितग्राही की आधार ईकेवायसी कराए जाने के पश्चात ही किसी भी योजना का लाभ प्राप्त किया जा सकेगा।

## कलेक्टर ने आम का पौधा रोपित कर किया

# पौध रोपण महाअभियान का शुभारंभ

**जिले में महाअभियान में रोपित होंगे सात लाख पौधे - कलेक्टर**

**इस वर्ष की गर्मी ने हम सबको पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने के लिए सचेत किया है - कलेक्टर**

जिले भर में 6 और 7 जुलाई को वृक्षारोपण का महाअभियान चलाया जा रहा है। एक पेड़ माँ के नाम के संकल्प के साथ जिले भर में पौधे रोपित किए जा रहे हैं। इस अभियान में स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों तथा आमजनता के सहयोग से जिले भर में पौधे रोपित किए जा रहे हैं।





**रीवा**

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने शासकीय कन्या महाविद्यालय में आम का पौधा रोपित कर वृक्षारोपण महाअभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ आरपी सिंह एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकों तथा छात्राओं ने भी पौधारोपण किया।

इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती पाल ने कहा कि इस वर्ष की गर्मी ने हम सबको पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने के लिए सचेत किया है। लगातार पृथ्वी का बढ़ता तापमान पर्यावरण के साथ-साथ सभी जीवों के लिए बड़ा खतरा है। इसे नियंत्रित करने का एक मात्र उपाय यही है कि हम बड़ी संख्या में पौधे रोपित कर अपनी धरा को हरा-भरा बनाएं। साथ ही जो वृक्ष और वनस्पतियाँ हमारे आसपास उपलब्ध हैं उन्हें संरक्षित करें। वृक्षारोपण को अपना सामाजिक और प्राकृतिक कत्र्तव्य मानकर पूरा करें। वृक्षों का महत्व हमें अप्रैल से जून तक की भीषण गर्मी में भलीभांति समझ में आता है। कड़ी धूप में छोटा सा वृक्ष भी बड़ी शीतलता देता है। कलेक्टर ने कहा कि जिले भर में 30 जुलाई तक वृक्षारोपण का महाअभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में हर व्यक्ति कम से कम एक पौधा अवश्य रोपित करे। कलेक्टर ने कहा कि वृक्षारोपण महाअभियान में जिले में सात लाख पौधे रोपित किए जाएंगे। वन विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, शिक्षा विभाग, तथा अन्य विभागों ने इसके लिए पूरी तैयारी कर ली है। जिले की चार पहाड़ियों को पौधे रोपित करके हरियाली की चादर ओढ़ायेंगे। किसान अपने खेतों की मेड़ पर फलदार और छायादार वृक्ष लगाएं। विद्यार्थी अपने शिक्षण संस्थान परिसर तथा घरों के आसपास पौधे रोपित करें। इन पौधों की एक साल तक देखभाल कर लेंगे तो इनका जीवन सुरक्षित रहेगा। पौधों का जीवन सुरक्षित रहा तो हमारा जीवन भी सुरक्षित रहेगा। जिनके पास जमीन नहीं है वे गमलों में ही छोटे पौधे रोपित करें। देश में सिक्किम ऐसा राज्य है जहाँ 83 प्रतिशत वन है। इसके बावजूद सिक्किम के हर घर में आपको आंगन और बालकनी में सुंदर पौधों के गमले अनिवार्य रूप से मिलेंगे। यह सिक्किम वासियों की पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसी तरह की प्रतिबद्धता से वृक्षारोपण संरक्षण का अभियान सफल होगा।

समारोह में महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष श्रीमती प्रज्ञा त्रिपाठी ने कहा कि वृक्षारोपण करने के साथ हर व्यक्ति उनकी समुचित देखभाल करे। फलदार और छायादार पौधों को रोपित करें। श्रीमती त्रिपाठी ने महाविद्यालय को निकट भविष्य में रिक्त हो रहे जिला न्यायालय भवन को प्रदान करने की माँग रखी जिससे बेटियों की शिक्षा को बेहतर किया जा सके। समारोह में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक प्रवीण पाठक ने बताया कि रीवा शहर में वृक्षारोपण के लिए 40 सुरक्षित स्थानों का निर्धारण कर लिया गया है। इनमें स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से पौधे रोपित किए जाएंगे। श्री पाठक ने वायुदूत एप के माध्यम से व्यक्तिगत रूप से रोपित पौधों की जानकारी ऑनलाइन दर्ज करने की प्रक्रिया की भी जानकारी दी। अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ विभा श्रीवास्तव ने किया। समारोह में श्रीमती अर्चना सिंह, प्रोफेसर एचजीआर त्रिपाठी, अन्य प्राध्यापकगण, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा छात्राएं उपस्थित रहीं।

### एक पेड़ माँ के नाम अभियान में अधिकारियों ने किया पौधारोपण



**रीवा**। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने के लिए एक पेड़ माँ के नाम का आवाहन किया है। रीवा जिला में भी एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत लगातार वृक्षारोपण किया जा रहा है। जिले भर में 6 जुलाई और 7 जुलाई को वृहद वृक्षारोपण के प्रयास किए जा रहे हैं। विभिन्न शिक्षण संस्थानों तथा कार्यालयों में एक पेड़ माँ के नाम अभियान में अधिकारियों, शिक्षकों तथा विद्यार्थियों ने पौधे रोपित किए। शासकीय कन्या महाविद्यालय में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने आम का पौधा रोपित करके अभियान का शुभारंभ किया। कार्यपालन यंत्री पीएचई संजय पाण्डेय ने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ सिरमौर कार्यालय परिसर में पौधे रोपित किए। उपायुक्त सहकारिता अशोक शुक्ला ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक परिसर में अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ पौधारोपण किया। जिले भर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान में लगातार पौधे रोपित किए जा रहे हैं।

### पुलिस महानिरीक्षक ने स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में किया पौधारोपण



**रीवा** ! जिले भर में चलाए जा रहे एक पेड़ माँ के नाम अभियान में लगातार पौधे रोपित किए जा रहे हैं। इस क्रम में पुलिस महानिरीक्षक रीवा महेन्द्र सिंह सिकरवार ने स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में पौधे रोपित किए। पुलिस महानिरीक्षक ने खिलाड़ियों और युवाओं को पौधरोपण की शपथ दिलाई। पुलिस महानिरीक्षक ने स्पोर्ट्स काम्पलेक्स का निरीक्षण करके विभिन्न खेलों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। कार्यक्रम में संभागीय खेल अधिकारी एमके धौलपुरी, प्राचार्य केन्द्रीय विद्यालय श्रीमती महालक्ष्मी पाण्डेय, अधिवक्ता संजय शुक्ला तथा खिलाड़ियों ने भी पौधे रोपित किए।



## हनुमना के स्वास्थ्य सूचकांकों को शत-प्रतिशत पूरा करें - डॉ गौतम

**रीवा** ! मऊगंज जिले का हनुमना विकासखण्ड आकांक्षी विकासखण्ड योजना में शामिल है। हनुमना विकासखण्ड में 30 सितम्बर तक नीति आयोग द्वारा निर्धारित 6 बिन्दुओं पर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के लिए संपूर्णता अभियान चलाया जा रहा है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ केबी गौतम ने हनुमना में विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक में कहा कि नीति आयोग द्वारा निर्धारित हनुमना विकासखण्ड के स्वास्थ्य सूचकांकों को शत-प्रतिशत पूरा करें। छूटे हुए सभी शिशुओं का संपूर्ण टीकाकरण कराएं। गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत पंजीयन करके उन्हें समय पर स्वास्थ्य जाँच तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से पूरक पोषण आहार प्रदान करें। डॉ गौतम ने कहा कि आकांक्षी विकासखण्ड में संपूर्णता अभियान के शुभारंभ के अवसर पर मंगल भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में आने वाले सभी व्यक्तियों के स्वास्थ्य की जाँच करें। जाँच में किसी भी तरह की बीमारी के लक्षण पाए जाने पर पीड़ित को समुचित उपचार दें। मातृ मृत्यु दर तथा शिशु मृत्यु दर पर नियंत्रण के लिए प्रभावी उपाय करें। शिविर में आने वाले सभी पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाएं। डॉ गौतम ने सभी ग्रामों में दवाओं के भण्डारण, वर्षाजनित रोगों से बचाव, परिवार कल्याण कार्यक्रम तथा गर्भवती महिलाओं के देखभाल के संबंध में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए। बैठक में संभागीय समन्वयक पवन बारी, जिला समन्वयक सूर्या पाठक, बीएमओ डॉ नागेन्द्र मिश्रा, एएनएम तथा स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने दस्तक अभियान का लिया जायजा





**रीवा !**

जिले भर में 27 अगस्त तक दस्तक अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पाँच साल तक के सभी बच्चों के स्वास्थ्य की जाँच करने के साथ उन्हें विटामिन ए का घोल पिलाया जा रहा है। जाँच के दौरान विभिन्न बीमारियों से ग्रस्त चिन्हित बच्चों को समुचित उपचार भी दिया जा रहा है। अभियान के दौरान शिशुओं के सम्पूर्ण टीकाकरण का लक्ष्य प्राप्त करने के भी प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला एवं जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ बसंत अग्निहोत्री ने रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों का दौरा करके दस्तक अभियान का जायजा लिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से अभियान की जानकारी ली। उन्होंने घरों में जाकर महिलाओं से उनके शिशुओं के टीकाकरण तथा स्वास्थ्य जाँच की जानकारी ली। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड में आयोजित बैठक में स्वास्थ्य दर्पण अभियान की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आमजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाए प्रदान करना सुनिश्चित करें। स्वास्थ्य दर्पण अभियान के 12 चरणों में से चार चरण पूरे हो चुके हैं। इसमें लापरवाही नहीं बरतें। बैठक में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए कार्यों की उपलब्धियों की समीक्षा की गई। बैठक में गर्भवती महिलाओं के पंजीयन, प्रसव पूर्व देखभाल शत-प्रतिशत टीकाकरण, परिवार कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत रूट लेवल तक लॉजिस्टिक्स पहुंच सुनिश्चित करने, लक्ष्य दंपति सर्वे पूर्ण करने तथा 11 जुलाई से 11 अगस्त के बीच जनसंख्या स्थिरीकरण माह मनाए जाने के संबंध में निर्देश दिए गए।

## 200 करोड़ खर्च करने के बाद भी चौरा घाट सड़क का निर्माण अधर में

# कई बार विधायक और सांसद ने किया भूमि पूजन




**मऊगंज।**

जिले के हनुमना से सोनौरी वाया चौरा घाट का निर्माण कार्य कई वर्षों से लंबित है।एक पहाड़ के कारण यहां के सैकड़ो लोग प्रतिदिन मजबूरी में कई किलोमीटर का चक्कर लगाकर यात्रा करने के लिए मजबूर हो रहे हैं। जबकि हनुमना से सोनौरी की दूरी मात्र 35 किलोमीटर है। अभी लोगों को सैकड़ो किलोमीटर का चक्कर लगाकर यात्रा करनी पड़ रही है। जिससे लोगों का समय के साथ आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है।मध्य प्रदेश के सरकारी इंजीनियरों ने बिना योजना ही सड़क का निर्माण करा डाला। एक पहाड़ के दोनों तरफ सड़क निर्माण पर 200 करोड़ खर्च कर डाले। अब पहाड़ पर सड़क बनाने की बढ़ी लागत का प्रस्ताव भेजा गया,तो वित्त विभाग ने स्वीकृति देने से मना कर दिया। जिले में बिना प्लानिंग के ही इंजीनियरों ने सड़क का निर्माण कर दिया। इस पर 200 करोड़ रुपये खर्च भी कर दिए, लेकिन उसका जनता का कोई फायदा नहीं मिल रहा है। यह मामला रीवा जिले के चाकघाट से सोनौरी होकर हनुमना जाने वाली सड़क का है। यहां पर मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ( एमपीआरडीसी) और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के इंजीनियरों ने चौरा घाट के एक तरफ 25 किमी और दूसरी तरफ 27 किमी सड़क का 200 करोड़ में निर्माण करा दिया। इसके बावजूद इस सड़क का उपयोग जनता नहीं कर पा रही है, क्योंकि चौराघाट पहाड़ पर चार किमी सड़क का निर्माण अटक गया है। दरअसल, एमपीआरडीसी ने दोनों तरफ सड़क निर्माण के बाद पहाड़ पर निर्माण का काम लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को सौंप दिया है। पीडब्ल्यूडी ने पहाड़ के ऊपर चार किलोमीटर की सड़क बनाने की संशोधित लागत 64 करोड़ निकालकर प्रस्ताव विभाग को भेज दिया। जहां से फाइल अनुमति के लिए वित्त विभाग के पास पहुंची। वित्त विभाग के अधिकारियों ने 19 करोड़ रुपये की जगह लागत 64 करोड़ रुपये होने पर आपत्ति जताते हुए विभाग से जवाब मांगा। इसके बाद विभाग की तरफ से जवाब भेजा गया, लेकिन वित्त विभाग जवाब से संतुष्ट नहीं है। इसके चलते सड़क का निर्माण अटक गया है।

### लागत बढ़ने दिया यह तर्क

अधिकारियों का कहना है कि वन विभाग की तरफ से पहाड़ पर सड़क निर्माण के लिए दो से तीन साल बाद अनुमति जारी की गई। जिसमें आठ मीटर सड़क बनाने की ही अनुमति दी गई है। पहाड़ पर खाई की तरफ सड़क के किनारे चार किलोमीटर की रिटेनिंग वॉल बननी है। वहीं, तीन पुलों का भी निर्माण होना है। इस वजह से निर्माण लागत बढ़ी है।

### इनका कहना है

मैंने वन विभाग से लेकर सभी एजेंसियों से अनुमतियां दिलाईं। अब वित्त विभाग की तरफ सड़क निर्माण के बजट को लेकर आपत्तियां जताई जा रही हैं। जबकि पहाड़ के दोनों तरफ सड़क का निर्माण हो चुका है। इसके बनने से बड़ी संख्या में लोगों को फायदा होगा।

**श्यामलाल द्विवेदी**
**पूर्व विधायक**



## एक पेड़ मां के नाम अभियान की नईगढ़ी में हुई शुरुआत

**मऊगंज।**

जिले के नईगढ़ी नगर परिषद द्वारा प्रकृति के संरक्षण की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर₹एक पेड़ मां के नाम₹ महा अभियान शुरू किया है। उसी के तहत 6 जुलाई शनिवार की दोपहर स्थानीय सामुदायिक भवन परिसर में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत नगर परिषद नईगढी में जनप्रतिनिधियों सहित समाजसेवियों ने पौधारोपण किया। इस अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। आयोजित कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष नागिता गुप्ता ने कहा कि जीवन में रिश्तों का बहुत बड़ा योगदान होता है। सभी रिश्ते बहुत महत्वपूर्ण होते है लेकिन मां का रिश्ता बहुत ही निस्वार्थ होता है। इस अभियान में अपनी सहभागिता दर्ज करानी चाहिए। एक पेड़ मां के नाम अभियान सभी के प्रयासों से ही सफल होगा। वही नगर परिषद उपाध्यक्ष विभा शर्मा ने इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि इस मुहिम में शामिल होकर एक पेड़ अपने अपने क्षेत्र अवश्य पेड़ लगाए। प्रकृति का संरक्षण हम सब की जिम्मेदारी है। सभी के प्रयास से यह अभियान एक जन आंदोलन बन सकता है।

### सीएमओ हेमंत त्रिपाठी ने कहा कि 250 पौधों का होगा पौधारोपण

सीएमओ नईगढ़ी हेमंत त्रिपाठी ने बताया किएक पेड़ मां के नाम थीम का जो कार्यक्रम है उसके तहतनिकाय क्षेत्र अंतर्गत सामुदायिक भवन के खुले प्रांगण में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षदों एवं समाजसेवियों के द्वारा 50 पेड़ फलदार पौधों का पौधरोपण किया है। सभी ने एक पेड़ मां के नाम लगाया है। और सभी उसकी देखभाल और सिंचाई भी करेंगे। इस अभियान को आगे बढ़ते हुए अभी ढाई सौ पौधों का पौधरोपण किया जाना है।आयोजित कार्यक्रम नगर परिषद नईगढ़ी के सामुदायिक भवन परिसर में नगर परिषद अध्यक्ष नागिता गुप्ता उपाध्यक्ष विभा शर्मा के साथ रेडक्रॉस सोसाइटी नईगढ़ी तहसील इकाई के चेयरमैन राजेंद्र प्रसाद मिश्र पार्षद रतनलाल मिश्र पार्षद नसीम खान भाजपा मंडल अध्यक्ष बृजेंद्र गुप्ता युवा समाजसेवी रामदयाल शर्मा समाजसेवी राज रमन पटेल पार्षद प्रियंका सिंह पटेल मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमंत त्रिपाठी रामपाल सिंह भूषण दास त्रिपाठी गिरीश कुमार पांडे अंकित कुमार हवाई सहित अन्य लोग मौजूद रहे।